卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंध्य सिन्धो: सलिलं सलीलं, य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां, नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं, जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 25 ♦अंक 45 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बृहस्पतिवार ♦21 नवम्बर 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## सड़क के लिए ग्रामीणों ने लगाया जाम

### ग्रामीणों के साथ धरने पर बैठे बेहड़, प्रशासन और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी

किच्छा(उद संवाददाता)। नगला लालपुर लिंक मार्ग के निर्माण को लेकर आनंदपुर रामेश्वर के सैकड़ो ग्रामीण ने नगला लालपुर लिंक मार्ग पर धरना प्रदर्शन करते हुए जाम लगा दिया। धरना प्रदर्शन को विधायक तिलक राज बेहड़ ने अपना समर्थन दिया। इस दौरान शासन प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गयी। ग्रामीणों का कहना था कि इस सड़क के क्षतिग्रस्त होने का मुख्य कारण सड़क के दोनों और स्थापित स्टोन क्रेशर हैं। भारी वाहनों की आवाजाही अधिक होने से सड़क क्षतिग्रस्त हो चुकी है। पूर्व में भी विधायक तिलक राज बेहड़ ने सड़क के निर्माण को लेकर जाम लगाते हुए धरना प्रदर्शन किया था, उस समय लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़क को शीघ्र बनाए जाने का आश्वासन दिया था। यह भी तय हुआ था कि सड़क के दोनों और स्थित स्टोन क्रशर वैकल्पिक रूप पर सड़क की मरम्मत करेंगे किंतु ऐसा नहीं किया गया। जिस वजह से लिंक मार्ग पर ग्रामीणों को आवाजाही में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि जब तक उप जिला अधिकारी या अन्य सक्षम अधिकारी स्टोन क्रेशर मालिकों से लिखित रूप में सड़क की मरम्मत का आश्वासन नहीं ले लेते हैं तब तक जाम नहीं खोला जाएगा। धरना स्थल पर बेहड़ ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार द्वारा नगला लालपुर लिंक मार्ग के क्षेत्र से लगे ग्रामीण क्षेत्र के ग्रामीणों की लगातार उपेक्षा की जा रही है। बार-बार मांग करने पर भी लोक निर्माण विभाग या (शेष पृष्ठ सात पर)





## चीनी मिलों को राजनीति का अखाड़ा ना बनायें: बहुगुणा

### कैबिनेट मंत्री ने चीनी मिल में 37 मृतक आश्रितों को वितरित किये नियुक्ति पत्र

किच्छा(उद संवाददाता)। प्रदेश के कैबिनेट सौरभ बहुगुणा ने गुरूवार को की विभिन्न चीनी मिलों में मृतक आश्रित कोटे से नियुक्ति पाने वाले 37 कर्मचारियों उबारने और किसानों को समृद्ध बनाने के लिए गंभीरता से काम कर रही है। पेराई सत्र के दौरान हुए घटनाक्रम का जिक्र करते हुए कहा कि चीनी मिलों को





चीनी मिल में का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही यहां आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने जिले को नियुक्ति पत्र प्रदान किये। आयोजित समारोह में कैबिनेट मंत्री सोरभ बहुगुणा ने कहा सरकार चीनी मिलों को घाटे से सितारगंज चीनी मिल को चालू करके मुख्यमंत्री धामी ने बड़ी सौगात दी है। उन्होंने बीते दिनों किच्छा चीनी मिल के राजनीति का अखाड़ा नहीं बनाना चाहिए। सभी जनप्रतिनिधियों को को किसानों और मिल के विकास (शेष पृष्ठ सात पर)

## हल्द्वानी में कल यातायात रहेगा डायवर्ट

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। कल 22 नवंबर को हल्द्वानी में आयोजित कलश यात्रा के दौरान शहर में यातायात डायवर्जन प्लान लागू रहेगा। इस दिन शहर में विभिन्न स्थानों से शोभायात्रा और कलश यात्रा निकाली जाएगी, जिसके कारण कुछ प्रमुख मार्गों पर यातायात को डायवर्ट किया जाएगा। जानकारी के मुताबिक डायवर्जन प्लान प्रात: कलश यात्रा की शुरुआत से लेकर यात्रा समाप्ति तक प्रभावी रहेगा। जब कलश यात्रा हीरानगर गोल्जू मंदिर हीरानगर से जेल रोड तिराहा के मध्य रहेगी तब कैंसर अस्पताल/लाइफलाइन तिराहा से जेल रोड को आने वाले समस्त प्रकार के वाहन कैंसर अस्पताल/लाइफलाइन तिराहा से डायवर्ट होकर मुखानी चौराहा होते हुए अपने गंतव्य को जायेंगे। वहीं जेल रोड तिराहा से हीरानगर की ओर जाने वाले समस्त प्रकार वाहन जेल रोड तिराहा से डायवर्ट होकर सीधे मुखानी चौक व अल्मोड़ा अर्बन बैंक तिराहा की ओर जाएंगे।कलश यात्रा के दौरान लाइफलाइन तिराहा से जेल रोड तिराहा की ओर व जेल रोड तिराहा से लाइफलाइन तिराहा की ओर समस्त प्रकार के वाहनों का प्रवेश पूर्ण रूप से वर्जित रहेगा। जब शोभा यात्रा जेल रोड तिराहा से कालाढूंगी तिराहा तक रोड के विपरीत दिशा में अपने दाहिनी ओर चलेगी तब कालाढूंगी तिराहा से जेल रोड तिराहा की ओर आने वाले समस्त प्रकार के वाहन कालाढूंगी तिराहा से डायवर्ट होकर सीधे ओके होटल- रोडवेज की ओर जाएंगे। जब कलश यात्रा जेल रोड तिराहा से अल्मोड़ा अर्बन बैंक तिराहा के मध्य रहेगी (शेष पृष्ठ सात पर)

## आपत्तिजनक वीडियो के खिलाफ प्रदर्शन

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहे एक आपत्तिजनक वीडियो के खिलाफ गुरूवार को सिक्ख फेडरेशन हल्द्वानी के सदस्यों ने सांकेतिक प्रदर्शन किया और महामहिम राज्यपाल मध्य प्रदेश को सम्बोधित एक ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा। इस दौरान फैडरेशन के पदाधिकारियों का कहना था कि विगत कुछ दिनों से सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया जा रहा है, जिसमें सिख धर्म के पहले गुरु श्री गुरु नानक देव जी का रूप धारण कर एक व्यक्ति एक हॉल में प्रवेश करता है। वह व्यक्ति वहां मौजूद गुरु ग्रंथ साहिब जी से ऊंचे स्थान पर



बैठकर गुरु ग्रंथ साहिब जी का अपमान कर रहा है। वहां मौजूद लोग उस व्यक्ति के चरण स्पर्श कर रहे हैं। इस वीडियो से सिख समाज की भावनाएं आहत हुई हैं और देशभर में सिख समाज में इस वीडियो को लेकर रोष है। सिक्ख फेडरेशन के सदस्यों ने उक्त वीडियो को शेयर करने वालों (शेष पृष्ठ सात पर)

## खाई में गिरी बाईक, पुलिस ने बचाई दो युवकों की जान

पौड़ी(उद संवाददाता)। बुधवार देर रात एक बाईक खाई में गिर गयी, जिससे बाईक पर सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना की सूचना के बाद पुलिस टीम ने बमुश्किल 150 मीटर खाई में उतरकर दोनों बाइक सवार युवकों की जान बचाई। जानकारी के अनुसार बुधवार रात्रि लगभग 11.15 बजे पुलिस कंट्रोल रूम से थाना श्रीनगर को सूचना प्राप्त हुई कि उफल्डा में सिचाई विभाग ऑफिस के सामने मोटर साइकिल सवार दो व्यक्ति सड़क से नीचे गहरी खाई में गिर गये हैं। जिनकी काफी चिल्लाने की आवाजे आ रही हैं। बिना समय गवांये इस सूचना पर तत्काल श्रीनगर पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची। मौके पर देखने से



पता चला कि एक बाइक सवार दोनों व्यक्ति सड़क से लगभग 150 मीटर नीचे गहरी खाई में गिरे थे, जहां जाने के लिए रास्ता भी नहीं था। पुलिस टीम कड़ी मशक्कत से रस्सी तथा टॉर्च के सहारे दुर्घटना ग्रस्त मोटरसाइकिल के पास पहुंची जहां पर दोनों व्यक्ति घायल अवस्था में पड़े हुए थे। दोनों घायल सूरज और नितिन को पुलिस टीम ने सकुशल रेस्क्यू कर एम्बुलेंस के माध्यम से बेस अस्पताल श्रीनगर पहुंचाया। जांच पड़ताल करने पर पता चला कि दोनों कीर्तिनगर से चमोली की तरफ जा रहे थे। रात के समय सड़क में तीव्र मोड होने के कारण पता नहीं चला और मोटरसाइकिल पैराफिट से टकराकर गहरी खाई में गिर गयी।

## केदारनाथ में 'खुली' विकास के खोखले दावों की 'पोल'

### सड़क न बनने से गुस्साए ग्रामीणों ने उपचुनाव में किया मतदान का बहिष्कार, ध्रुवनगर तोक के 350 और बांझगडू तोक के 80 मतदाता नहीं पहुंचे पोलिंग बूथ

-अर्श-

रुद्रप्रयाग। केदारनाथ उपचुनाव के मतदान के दौरान विकास के खोखले सरकारी दावों की असलियत उस समय उजागर हो गई ,जब ध्रुव नगर तोक एवं बांझगडू तोक के मतदाताओं के मतदान का बहिष्कार करनी की खबर सामने आई ।केदारनाथ विधानसभा सीट पर उपचुनाव में शुरूआत में ठिठुरन की वजह से मतदान की गति भले ही धीमी रही हो,लेकिन दिन चढ़ते ही मतदाताओं में मतदान को लेकर अच्छा खासा उत्साह दिखने लगा और पोलिंग बूथों पर बड़ी संख्या में मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। शाम 5 बजे तक केदारनाथ उपचुनाव में तकरीबन 57.64 प्रतिशत मतदाताओं द्वारा अपने मताधिकार का प्रयोग किए जाने के आंकड़े सामने आए थे, लेकिन उपचुनाव के शांतिपूर्ण मतदान के दौरान कुछ मतदाता ऐसे भी थे जिन्होंने शासन-प्रशासन पर उपेक्षा का आरोप लगाते हुए मतदान का बहिष्कार कर दिया और मतदान समाप्त होने तक अपने घर से बाहर नहीं निकले। बताना होगा कि केदारनाथ विधान सभा के अंतर्गत ग्राम पंचायत परकंडी के ध्रुव नगर तोक के अनुसूचित जाति के 85 परिवारों ने मतदान का बहिष्कार कर दिया। ग्रामीणों के अनुसार सड़क निर्माण के लिए शासन-प्रशासन स्तर पर कोई कार्रवाई नहीं होने से ध्रुवनगर के करीब 350



वोटरों ने अपने मत का प्रयोग ही नहीं किया। ध्रुवनगर तोक के नाराज रहवासियों ने एक वीडियो जारी कर बताया कि 3 महीने पहले सड़क के संबंध में स्थानीय प्रशासन एवं मुख्यमंत्री से लेकर प्रधानमंत्री तक ज्ञापन भेज दिया गया था, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। अब 'सड़क नहीं तो वोट नहीं' का नारा बुलंद कर ग्रामीणों ने उपचुनाव के साथ ही पंचायत चुनाव, विधानसभा चुनाव और लोकसभा चुनाव का भी बहिष्कार करने का मन बना लिया है। ग्रामीणों के अनुसार मतदान के दिन भी कोई अधिकारी (शेष पृष्ठ सात पर)

आवश्यकता है
श्री वर्धमान किराना मर्चेंट गोल मार्केट रुद्रपुर में स्टाफ कार्य हेतु युवकों एवं युवतियों की
-संपर्क करें-
9837491508

# पिथौरागढ़ में सेना की भर्ती रैली में मची भगदड़
# बेकाबू हुई हजारों युवाओं की भीड़ ने तोड़ दिया गेट

## डीएम व एसपी ने किया भर्ती स्थल का निरीक्षण, ठहरने और भोजन की व्यवस्था करवाई

पिथौरागढ़(उद संवाददता)। जिला मुख्यालय के नजदीकी जाजरदेवल देवकटिया में चल रही प्रादेशिक सेना भर्ती रैली में बुधवार को उप्र के युवाओं का सैलाब उमड़ पड़ा। लगभग 20 हजार से अधिक अभ्यर्थी भर्ती रैली में शामिल हुए। अंदर जाने के लिए युवाओं में धक्का-मुक्की होने लगी। कई युवा सेना के गेट के ऊपर चढ़ गए। इससे सेना का गेट टूट गया। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए सेना को लाठी फटकानी पड़ी। इससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। इस दौरान कुछ युवा घायल हो गए। कुछ देर बाद स्थिति सामान्य हो सकी।बुधवार को भर्ती रैली में शामिल होने के लिए उप्र के युवा मंगलवार की रात्रि एक बजे से ही भर्ती स्थल के पास जुटना शुरू हो गए थे। जिला मुख्यालय से भर्ती स्थल तक सड़कों पर युवाओं की भारी भीड़ रही। सुबह होते ही भर्ती स्थल वाली सड़क के साथ ही आसपास की पहाड़ी युवाओं से खचाखच भर गई। प्रात: छह बजे तक सेना के प्रवेश द्वार पर युवाओं का भारी हुजूम उमड़ पड़ा। इस बीच युवाओं में अंदर जाने के लिए धक्का-मुक्की होने लगी। सेना की ओर से बार-बार मुनादी कर युवाओं से पीछे हटने को कहा गया, लेकिन युवा पीछे हटने को तैयार नहीं हुए। कई युवा सेना के गेट पर चढ़ गए। इससे सेना का गेट टूटा गया। सेना को गेट खोलने तक के लिए जगह नहीं मिल पाई। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए सेना के जवानों ने लाठी फटकारी तो मौके पर अफरा-तफरी मच गई। युवा इधर-उधर भागने लगे। इससे कई युवाओं के जूते-चप्पल खुल गए। कई युवाओं के बैग व कपड़े सड़क पर गिर गए। जिस कारण कुछ युवा चोटिल भी हो गए। सेना व पुलिस के जवानों ने कड़ी मशक्कत कर भीड़ को नियंत्रित किया। इसके बाद युवाओं की टोलियां बनाकर भर्ती मैदान तक ले जाया गया। भारी भीड़ के चलते अन्य दिनों की अपेक्षा बुधवार को भर्ती रैली देर से शुरू हो सकी। भर्ती रैली में दोपहर तक युवाओं का आना लगा रहा। देर सांय तक भर्ती प्रक्रिया जारी रही। भर्ती में शामिल होने आए युवाओं के लिए प्रशासन की ओर से वाहनों का उचित प्रबंध किया गया। युवाओं को लाने-ले जाने के लिए एपीएस खेल मैदान में वाहनों की पार्किंग की गई थी। भर्ती में असफल होकर लौटे युवाओं को वापस भेजा गया। सांय करीब पांच बजे तक एपीएस से 200 बसें व 300 टैक्सियों से लगभग 11 हजार अभ्यर्थियों को टनकपुर के लिए रवाना किया गया। शेष युवाओं के लिए प्रशासन की ओर से ठहरने व भोजन की व्यवस्था की गई। जिलाधिकारी विनोद गोस्वामी व पुलिस अधीक्षक रेखा यादव स्वयं ग्राउंड जीरो में मौजूद रहकर स्थिति पर नजर व्यवस्थाओं मे जुटे रहे। दोनों अधिकारियों ने भर्ती स्थल का निरीक्षण कर प्रादेशिक सेना भर्ती रैली में शामिल होने आए बाहरी राज्यों के युवाओं को लेकर की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने भर्ती स्थल पर सुरक्षा और व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा करते हुए तैनात अधिकारियों और पुलिस बल को आवश्यक निर्देश दिए। भर्ती स्थल से लेकर पार्किंग तक युवाओं की भीड़ को देखते हुए व्यवस्था बनाने के लिए एसएसबी, आईटीबीपी, पुलिस और राजस्व पुलिस जुटी रही। एसपी रेखा यादव ने स्वयं मौके पर जाकर व्यवस्थाओं को परखा। उन्होंने बताया कि यातायात के साथ सुरक्षा व्यवस्था के लिए 150 से अधिक पुलिसकर्मियों के साथ एसएसबी, आईटीबीपी जवानों को तैनात किया गया है। कहा कि पुलिस भर्ती रैली को सफल बनाने में पूरा सहयोग कर रही है। युवाओं की भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने उनके ठहरने के लिए 20 से अधिक स्कूलों का अधिग्रहण किया है। कुछ होटल स्वामियों ने भी युवाओं के लिए अपने होटलों में व्यवस्था की है। ऐसे में युवाओं को स्कूलों और होटलों में ठिकाना मिलने से राहत मिली। उन्हें खुले आसमान के नीचे रात नहीं बितानी पड़ी। युवाओं ने इसके लिए प्रशासन का आभार जताया। डीएम विनोद गिरी गोस्वामी के अनुसार भर्ती रैली में शामिल युवाओं के ठहरने के लिए स्कूलों का अधिग्रहण किया गया है। उन्हें लाने और वापस छोड़ने के लिए वाहनों की पर्याप्त व्यवस्था है।

## भगदढ़ में दो युवक घायल, मौत की अफवाह से मचा हड़कंप

पिथौरागढ़। पिथौरागढ़ में बुधवार को सेना भर्ती के दौरान 20 हजार से अधिक युवा गेट तोड़कर भर्ती स्थल में घुस गए। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए जब लाठियां फटकारी तो भगदड़ मच गई। इस दौरान दो युवक घायल हो गए। इन युवकों को एंबुलेंस से जिला अस्पताल पिथौरागढ़ लाया गया। गंभीर रूप से घायल एक युवक युवराज(17) पुत्र सुभाष निवासी मेहताबनगर बुलंदशहर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक का प्राथमिक उपचार करने के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है।दूसरे घायल युवक मनीष के सिर में टांके लगे। मरहम पट्टी करने के बाद उसे छुट्टी दे दी गई। सेना की प्रादेशिक सेना की भर्ती के दौरान हालात बेकाबू हो गए। बुधवार को 20 हजार से अधिक युवा गेट तोड़कर भर्ती स्थल में घुस गए। जब भीड़ को नियंत्रित करने के लिए लाठियां फटकारी गई को मौके पर भगदड़ मच गई। भगदड़ में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। मिली जानकारी के मुताबिक घायलों को आनन-फानन में पिथौरागढ़ जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां एक की हालत गंभीर बताते हुए उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। घायल की हालत गंभीर बताई जा रही है उसे एयरलिफ्ट किया गया है। जबकि एक घायल को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। वहीं प्रादेशिक सेना भर्ती रैली के दौरान बुधवार को 6-7 लोगों की मृत्यु होने की अफवाह फैल गई। लोग मीडिया दफ्तर में भी फोन कर मामले की जानकारी लेते नजर आए। देर सांय पुलिस ने सूचना जारी करते हुए कहा कि भर्ती के दौरान शांति व्यवस्था बनी हुई है। इस प्रकार की कोई भी घटना नहीं हुई है। भ्रामक सूचना प्रसारित करने वालों को चिन्हित किया जा रहा है और ऐसे लोगों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।







## सेना ने भेजा पत्र: निराश होने की जरुरत नहीं, 26 नवंबर से एक दिसम्बर तक बिहार के दानापुर में आयोजित होगी भर्ती

पिथौरागढ़। पिथौरागढ़ के डीएम विनोद गोस्वामी ने चम्पावत, अल्मोड़ा, नैनीताल और उधमसिंह नगर के जिलाधिकारियों को पत्र भेजकर इन जिलों में फंसे युवाओं तक भर्ती आगे बढ़ाने की जानकारी पहुंचाने की अपील की है। सेना की ओर से पिथौरागढ़ जिला प्रशासन को इस संबंध में एक पत्र भेजा गया है। जिसमें यह जानकारी दी गई है कि जो युवा भर्ती में शामिल नहीं हो पाए उन्हें निराश होने की जरुरत नहीं है। उन्हें 26 नवंबर से 1 दिसम्बर तक बिहार के दानापुर में आयोजित होने वाली भर्ती में शामिल होने का मौका मिलेगा। पत्र के आधार पर पिथौरागढ़ के डीएम विनोद गोस्वामी ने चम्पावत, अल्मोड़ा, नैनीताल और उधमसिंह नगर के जिलाधिकारियों को पत्र भेजकर इन जिलों में फंसे युवाओं तक ये जानकारी पहुंचाने की अपील की है। टनकपुर के उपजिलाधिकारी आकाश जोशी ने बताया कि टनकपुर में युवाओं की बड़ी संख्या जमा हो गई है, जो पिथौरागढ़ पहुंचने के लिए मारामारी कर रहे थे। इसके मद्देनजर अतिरिक्त बसों का इंतजाम किया गया है. इसके साथ ही पिथौरागढ़ जिलाधिकारी से प्राप्त जानकारी के आधार पर उन्हें बिहार के दानपुर में होने वाली भर्ती के बारे में बताया जा रहा है। गौरतलब है कि प्रादेशिक सेना में अलग-अलग पदों के लिए सीमांत जिले पिथौरागढ़ में हो रही भर्ती ने कुमाऊं के चार जिलों की परिवहन व्यवस्थाओं को तार-तार कर दिया। मैदान वाले हल्द्वानी तक किसी तरह पहुंचने वाले अभ्यर्थियों को ढाई सौ किमी. दूर पिथौरागढ़ तक पहुंचने के संकट के आगे सारी व्यवस्थाएं फेल हो गईं। कानून व्यवस्था संभाले रखने में प्रशासन के अधिकारियों के पसीने छूट गए हैं। पिथौरागढ़ से दिल्ली, देहरादून जाने वाली बसों में यात्रियों को स्थान नहीं मिल पा रहा है। पिथौरागढ़ नगर के स्कूलों में तीन दिन का अवकाश घोषित करना पड़ा है। वहीं बताया जा रहा है कि बिहार के दानापुर में भर्ती स्थगित होने के बाद हालात बिगढ़ गये और भर्ती होने की होड़ में कई राज्यों के युवा उत्तराखंड पहुंच गये हैं।

## बेरोजगारी की मार : विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए 20,000 से अधिक युवा पहुंचे

पिथैरागढ़। उत्तराखंड के सीमांत जनपद पिथौरागढ़ में आयोजित प्रादेशिक सेना की भर्ती रैली में बेरोजगारी का आलम साफ दिखा। सेना के विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए दूसरे राज्यों के 20,000 से अधिक युवा पहुंचे थे। देश में बेरोजगारी किस कदर व्याप्त है, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि आठवीं, दसवीं और बारहवीं पास युवाओं के लिए हो रही भर्ती में स्नातक और परास्नातक कर चुके युवा भी हिस्सा लेने आए हैं। इनमें कई युवा ऐसे भी हैं जो कई बार सेना भर्ती में शामिल हो चुके हैं। सीमांत जनपद पिथौरागढ़ में 12 से 27 नवंबर तक प्रादेशिक सेना भर्ती का आयोजन हो रहा है। 12 नवंबर से अब तक देश के विभिन्न राज्यों से 25,000 से अधिक युवा सेना में भर्ती होकर रोजगार पाने का सपना लिए यहां पहुंचे हैं। बुधवार को यूपी से ही एक ही दिन में 20,000 से अधिक युवा भर्ती रैली में भाग लेने पहुंचे। अगले एक सप्ताह में अन्य राज्यों से युवाओं के बड़ी संख्या में भर्ती रैली में शामिल होने का अनुमान है। ऐसे में अंदाजा लगाया जा सकता है देश में बेरोजगारी किस कदर हावी है और युवा रोजगार पाने का हरसंभव प्रयास कर रहा है। **इन पदों पर चल रही है भर्ती:** मध्य कमान, जोन-2 के राज्यों ओडिशा, छत्तीसगढ़, बिहार, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड और झारखंड के युवाओं की 12 से 27 नंबर 2024 तक पिथौरागढ़ मिलिट्री स्टेशन (उत्तराखंड) में रोजाना सुबह पांच बजे से आयोजित की जा रही है। इन्फैंट्री बटालियन (टीए) कुमाऊं, 153 इन्फैंट्री बटालियन (टीए) डोगरा और 151 इन्फैंट्री बटालियन (टीए) जाट की जीडी के लिए 88, 11 पदों पर सैनिक (क्लर्क), 06 पदों पर सैनिक (कुक), एक पद पर सैनिक (स्पेशल कुक), पांच पदों पर सैनिक नाई, 03 पदों पर सैनिक स्वच्छक, एक पद पर सैनिक कारपेंटर, दो पदों पर सैनिक मसाल्ची की भर्ती होनी है। भर्ती के लिए शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल है।







# धूमधाम से मनाया कांग्रेस जिलाध्यक्ष गावा का जन्म दिन

रुद्रपुर। कांग्रेस जिलाध्यक्ष हिमांशु गावा का जन्म दिन धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर तमाम कांग्रेसियों एवं विभिन्न संगठनों से जुड़े लोगों ने गावा को उनके निवास पर पहुंचकर जन्म दिन की बधाई दी। गावा के जन्म दिन पर दिनभर कई केक काटे गये। नगर कांग्रेस की ओर से कार्यकर्ताओं ने केक काटकर और शाल ओढ़ाकर श्री गावा को सम्मानित किया गया। वहीं समर्थकों ने भी श्री गावा को जन्मदिन की शुभकामनायें देकर उनकी दीर्घायू की कामना की गई। वहीं पूर्व पालिका अध्यक्ष मीना शर्मा ने भी जन्म दिवस के अवसर पर गाबा को विशाल माला पहनाकर और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। सभी ने उनके दीर्घायु होने की कामना की। व्यापार मण्डल अध्यक्ष संजय जुनेजा के नेतृत्व में व्यापारियों ने भी श्री गावा को जन्म दिन की बधाई देते हुए सम्मानित किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष गाबा ने कहा कि उनके जन्म दिवस का अवसर पर कांग्रेस के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उन्हें जो सम्मान दिया है वह आजीवन उसके ऋणी रहेंगे ।और कांग्रेस पार्टी मजबूती के लिए कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर दिन-रात मेहनत करते रहेंगे । उनके जन्मदिवस का असर पर दो दर्जन से अधिक उनके शुभचिंतकों ने केक काटे और उन्हें जन्मदिवस की शुभकामनाएं दी। इस दौरान नगर अध्यक्ष सीपी शर्मा, हरीश बावरा,अनिल शर्मा,मोहन खेड़ा ,संदीप चीमा ,ममता रानी, योगेश चौहान, उमा सरकार, सुनील आर्य, बाबू विश्वकर्मा ,लखविंदर बेदी , रिंकी गुप्ता , बाबू खान,इदरीश गोला, प्रीति साना, ज्योति ,राजेश कुमार ,संजय, अर्जुन विश्वास ,दीपक शर्मा, संजीव राठौड़ ,सुरेश यादव ,नदीम ,शाजिद खानआदि मौजूद थे। (advt)







## सेवानिवृत वायुसेना अधिकारी से की मारपीट, कार से बैग लूटा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विगत दिवस निकटवर्ती ग्राम डिबडिबा में कुछ लोगों ने वायुसेना के सेवानिवृत स्क्वाड्रन लीडर से मारपीट कर उनकी कार का शीशा तोड़कर सीट पर रखा बैग जिसमें हजारों की नगदी व आईफोन तथा अन्य सामान रखा हुआ था लूट लिया। मामले की तहरीर पुलिस को सौंप दी गई है। ग्राम भूरारानी की सिटी वन कालोनी निवासी वायुसेना के सेवानिवृत स्क्वाड्रन लीडर हरीश सोलंकी ने का



आरोप है कि वह गत 17 नवम्बर को ग्राम डिबडिबा में अपने खेत के पास खड़े थे। इसी दौरान उनका वहां आये कुछ लोगों से विवाद हो गया। इसकी प्राथमिक सूचना उन्होंने पुलिस को दे दी। जिसके बाद 18 नवम्बर की शाम वह अपने खेत को ओर गये तो वहां पहले से मौजूद तीन लोगों ने उनकी कार का शीशा तोड़ दिया और कार की सीट पर रखा उनका बैग उठा ले गये। जिसमें एक आइफोन, 41 हजार रूपये नगद, आईपैड, लाईसेंस सहित अन्य कई महत्वपूर्ण कागजात रखे हुए थे। इसकी शिकायत उन्होंने बिलासपुर थाना पुलिस से की। उनका आरोप है कि जब वह पुलिस को शिकायत कर वापस लौट रहे थे तो डिबडिबा में चार लोगों ने उन्हें घेर लिया और उनसे बेरहमी से मारपीट कर कार का शीशा फिर तोड़ दिया। मारपीट में उनके शरीर में कई चोटें आई हैं। वायुसेना के सेवानिवृत स्क्वाड्रन लीडर हरीश सोलंकी ने एसपी सिटी को शिकायती पत्र सौंपकर कार्रवाई करने का आग्रह किया है।

## खाद्य सामग्री बेचने वालों की निगरानी करें: एडीएम

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।जिलाधिकारी उदयराज सिंह के निर्देशन में अपर जिलाधिकारी अशोक कुमार जोशी ने कलेक्ट्रेट सभागार में सुरक्षित भोजन एवं स्वस्थ आहार पर जिला स्तरीय सलाहकार समिति की त्रैमासिक बैठक ली।अपर जिलाधिकारी ने ईट राइट मूवमेंट के अन्तर्गत एसएनएफ, स्वच्छ स्ट्रीट फूड व अन्य कार्यक्रमों में नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित करें। उन्होने कहा दूध की सुरक्षा एवं गुणवत्ता की नियमित जांच व निगरानी करें। खाद्य जनित बीमारियों के प्रति लोगों को जागरूक करें साथ ही पेस्टीसाइड के मानव स्वास्थ्य व पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव के बारे में भी कृषकों को जानकारी दें।अपर जिलाधिकारी ने खाद्य संरक्षा विभाग द्वारा विगत त्रिमासिक कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि मानक के विपरीत बिकने वाले खाद्य/पेय पदार्थों की रोकथाम हेतु आवश्यक कार्यवाही अमल में लायी जाए। इसके साथ ही दूसरे राज्यों से आने वाले खाद्य पदार्थों की जांच हेतु सीमाओं पर सैंपलिंग व जांच कराई जाए। अपर जिलाधिकारी ने छोटे मामलों में तत्समय चालान व जुर्माना करने की अनुमति के लिए शासन को पत्राचार करें। उन्होने कहा कि मांस की



दुकानों व मांस पकाकर बेचने वालों की नियमित जांच करने निर्देश दिये साथ ही खाद्य संरक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि नगर निकायों से समन्वय करें व खुले में अमानक खाद्य/पेय पदार्थों के बिक्री करने वाले दुकानदारों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिये ताकि किसी के भी स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ न हो। अभिहीत अधिकारी प्रकाश चंद फुलारा ने बताया कि न्यायालयों में लंबित वादों के निस्तारण हेतु सरकारी वकील की व्यवस्था करने की मांग रखी जिस पर समिति ने संस्तुति करते हुए उच्च अधिकारियों को भेजने के निर्देश दिए थे जिस पर शासन द्वारा स्वीकृति मिल गई है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2024-25 में 77 लीगल व 239 सर्विलांस सैम्पल लिए गये। जिनमे 05 लीगल व 14 सर्विलांस सैम्पल फेल हुए। बैठक में एसपी सिटी मनोज कत्याल, मुख्य शिक्षा अधिकारी केएस रावत, मुख्य कृषि अधिकारी डॉ0 अभय सक्सेना, एसीएमओ डॉ0 हरेन्द्र मलिक, जीएम डीआईसी विपिन कुमार, एसएफएसओ अर्पणा शाह, फूड सैफ्टी अधिकारी आशा आर्या, सहित समिति के सदस्य जिलाध्यक्ष देवभूमि व्यापार मंडल गुरमीत सिंह, व्यापार मंडल बाजपुर के सत्यवान गर्ग आदि उपस्थित थे।

# असीम से जुड़कर जीवन के हर पहलू का विस्तार करें: माता सुदीक्षा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। निरंकारी सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज ने 77वें वार्षिक निरंकारी संत समागम के अंतिम दिन अमृतमयी प्रवचनों के माध्यम से दिव्य संदेश में कहा कि परमात्मा असीम है और इससे जुड़ने वाला हर पहलू असीम होता चला जाता है। ब्रह्मज्ञान द्वारा परमात्मा को जानने के उपरांत जब हम इससे जुड़ते हैं तो जीवन के हर क्षेत्र में सकारात्मक विस्तार होता चला जाता है। सोमवार की रात्रि को तीन दिवसीय निरंकारी संत समागम का भक्तिभावपूर्ण वातावरण में सफल समापन हुआ। सतगुरु माता जी ने इस दौरान अज्ञानता से उत्पन्न भेदभावों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समाज में जाति, जीवनशैली और निवास स्थान जैसे मुद्दों को लेकर भेदभाव होता है। जबकि ब्रह्मज्ञानी संत समदृष्टि के भाव से इन संकीर्णताओं से ऊपर उठकर जीवन जीते हैं।





सतगुरु माता जी ने भक्ति में भोले भाव की महत्ता बताते हुए कहा कि परमात्मा भोले भाव से रिझता है। चेतन और सजग रहते हुए भक्त भ्रम और भ्रांतियों से प्रभावित नहीं होते। उन्होंने श्रद्धालुओं से समागम में ग्रहण की गई शिक्षाओं को अपने जीवन में अपनाने का आह्वान किया। अद्वितीय रचनाओं का संगम निरंकारी संत समागम के तीसरे दिन का मुख्य आकर्षण बहुभाषी कवि दरबार रहा जिसमें देश विदेश के 19 कवियों ने विस्तार असीम की ओर विषय पर हिंदी, पंजाबी, मुल्तानी, हरियाणवी और अंग्रेजी भाषाओं में प्रेरणादायक ज्ञानवर्धक रचनाएं प्रस्तुत कीं। इसके अतिरिक्त, बाल कवि दरबार और महिला कवि दरबार जैसे आयोजन भी समागम की विशेषताएं रहीं जिनमें बाल कवियों और कवयित्रियों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से भावनाओं को अभिव्यक्त किया। लंगर में सारा संसार एक परिवार की सजीव प्रस्तुति समागम परिसर में श्रद्धालुओं के लिए चार मैदानों में लंगर सेवा की व्यवस्था की गई। जिसमें एक साथ 20 हजार संतों ने प्रसाद ग्रहण किया। दिव्यांग और वयोवृद्ध जनों के लिए विशेष व्यवस्था की गई। पर्यावरण के प्रति जागरूकता रखते हुए भोजन स्टील की थालियों में परोसा गया। लंगर के माध्यम से सारा संसार एक परिवार जैसा स्वर्गीय नजारा दिखाई दिया जिसमें विभिन्न सांस्कृतिक सभ्यताओं और धार्मिकता से जुड़े श्रद्धालु भक्तों ने एक साथ बैठकर प्रसाद ग्रहण किया। इसके पूर्व समागम समिति के समन्वयक जोगिंदर सुखीजा ने परम श्रद्धेय सतगुरु माता जी एवं परम आदरणीय निरंकारी राजपिता जी का समस्त साध संगत की ओर से हृदयपूर्वक आभार प्रकट किया तथा सभी सरकारी विभागों का धन्यवाद किया। जिन्होंने इस पावन संत समागम आयोजन के लिए अपना महत्त्वपूर्ण सहयोग दिया।

# प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को दिये प्रमाण पत्र





रूद्रपुर(उद संवाददाता)। प्रधान मंत्री आवास योजना–ग्रामीण के अंतर्गत आवास पूर्ण किये जाने पर जिलाधिकारी उदयराज सिंह की अध्यक्षता में लाभार्थी सम्मान कार्यक्रम का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। जिलाधिकारी द्वारा 70 लाभार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए प्रमाण पत्र वितरित किये ।जिलाधिकारी ने कहा कि आज ही के दिन 2016 में प्रधानमंत्री के द्वारा पीएम आवास योजना ग्रामीण की शुरूआत की गयी थी। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति को मुख्य धारा से जोड़ा जाए व उन्हें सभी मूलभूत सुविधााएं प्रदान की जाएं। इसी क्रम में आवास योजना के साथ–साथ शौचालय, पेयजल, बिजली, ग्राम सड़क, मनरेगा तथा स्वास्थ्य बीमा योजना जैसी विभिन्न योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण के तहत 2016 से आज तक 11013 स्वीकृत आवासों के सापेक्ष 10683 (97 प्रतिशत) आवास पूर्ण किये गये हैं जबकि 330 निर्माणाधीन हैं। उन्होंने कहा कि 400 से अधिक पात्र व भूमिहीन व्यक्तियों को निःशुल्क भूमि प्रदान करते हुए प्रधानमंत्री आवास दिए गए। उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार व परियोजना निदेशक हिमांशु जोशी के सराहनीय कार्य के लिए प्रशंसा करते हुए कहा कि सरकार व जिला प्रशासन पात्र व्यक्तियों को लाभ पहुंचाते हुए विकास के नए मानक गढ़ने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा भी आवास पूर्ण होने पर प्रत्येक परिवार को बर्तन व अन्य घरेलु वस्तुओं के क्रय हेतु रू. 6 हजार धनराशि प्रदान की जा रही है। इस दौरान विश्व शौचालय दिवस पर ऐसी 40 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को जिन्होंने शौचालय की स्वच्छता के लिए सराहनीय कार्य किया है को सतत स्वच्छता व स्वस्थ समाज को बढ़घवा देने के लिए सम्मानित करते हुए जलशक्ति मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रदत्त प्रमाण पत्र भी जिलाधिकारी द्वारा वितरित किये गये। कार्यक्रम के दौरान मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, परियोजना निदेशक हिमांशु जोशी, खण्ड विकास अधिकारी रूद्रपुर असित आनंद सहित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां व आवास योजना से आच्छादित लाभार्थी व उनके परिजन आदि उपस्थित थे।

# थैलीसीमिया पीड़ितों की मदद के लिए रक्तदान शिविर आयोजित

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। सेवा क्रांति वेलफेयर ट्रस्ट की ओर से सिडकुल स्थित पॉलीहोज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड में थैलेसीमिया ग्रस्त बच्चों की मदद के लिए रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें दर्जनों लोगों ने रक्तदान किया।शिविर में हरीश चंद्र भट्ट (एचआर) , गोपाल जोशी (डेप्युटी मैनेजर), विवेक सिंह, सुमित



गोयल,सुधांकर,सोमवीर वर्मा, बाल किशन देवकी जोशी चौरिटेबल ब्लड बैंक से प्रकाश मेहता और संजय गोस्वामी का विशेष सहयोग रहा। साथ ही सेवा क्रांति वेलफेयर ट्रस्ट के सदस्य रामवीर यादव, अलका अरोड़ा, राजू पंडित, जितेंद्र शर्मा, और अली खान ने भी इस आयोजन को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई। सेवा क्रांति वेलफेयर ट्रस्ट ने शिविर में योगदान देने वाले सभी लोगों एवं संस्थाओं का आभार व्यक्त किया।

# मीना शर्मा ने धरने पर बैठे डॉल्फिन कंपनी के कर्मचारियों से की मुलाकात

रूदपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा पिछले दो माह से अधिक समय से गांधी पार्क में धरने पर बैठे डॉल्फिन कर्मचारियों से चौथी बार मिलने पहुंची, जहां उन्होंने डॉल्फिन कर्मचारी यूनियन के अध्यक्ष ललित कुमार और अन्य कर्मचारियों से मुलाकात की । इस अवसर पर श्रीमती शर्मा ने भाजपा सरकार और प्रशाशन की निंदा करते



हुए कहा कि दो माह होने जा रहे हैं,लेकिन डॉल्फिन कर्मचारियों की समस्या जस की तस बनी हुई है, और वह बेमियादी धरने पर बैठे हैं, डॉल्फिन कर्मचारी यूनियन के अध्यक्ष ललित कुमार के साथ–साथ महिला कर्मचारी भी बेमियादी आमरण अनशन कर रहे हैं, लेकिन शासन प्रशासन के कानों में जूं तक नहीं रेंग रही है, उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की गुंडागर्दी किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस अवसर पर महानगर महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष मोनिका ढाली, निवर्तमान पार्षद प्रीति साना,संगीता मंडल,सरोज रानी,आदि उपस्थित थे।

# उदघाटन मैच में होली चाइल्ड ने विजडम स्कूल को हराया

## होली चाइल्ड स्कूल में द्वितीय सीडी बत्रा मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ आगाज

रूद्रपुर ।होली चाइल्ड स्कूल के क्रिकेट मैदान में अनिल कुम्बले द्वारा संचालित टेन्विक स्पोर्टस के सहयोग से द्वितीय सीडी बत्रा मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट–2024 का उद्घाटन बड़े हर्षोल्लास के साथ हुआ। टूर्नामेंट का उद्घाटन विद्यालय के वाइस चेयरमैन विकास बत्रा द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य, उप–प्रधानाचार्य (एडमिन) व उप–प्रधानाचार्या (अकादमिक), एच.ओ.डी.–फिजिकल एजूकेशन, टेन्विक स्पोर्ट्स के क्षेत्रीय अधिकारी उपस्थित रहे। प्रतियोगिता 23 नवम्बर 2024 तक चलेगी। इस टूर्नामेंट में बिलासुपर व रूद्रपुर के स्कूल प्रतिभाग कर रहे हैं। का उद्घाटन मैच विजडम पब्लिक स्कूल, रूद्रपुर व होली चाइल्ड स्कूल, बिलासपुर के बीच खेला गया। विजडम पब्लिक स्कूल ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग का फैसला लिया। होली चाइल्ड स्कूल की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 15 ओवर में 6 विकेट खोकर 151 रन बनाए जिसमें कप्तान अमरदीप सिंह ने सबसे ज्यादा 47 रनों का योगदान किया। तत्पश्चात् 151 रनों का पीछा करते हुए विजडम पब्लिक स्कूल की टीम 15 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 110 रन ही बना पाई। जिससे होली चाइल्ड 41 रनों से विजयी रहा। होली चाइल्ड के बॉलर शोर्य सिंह ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए दो ओवर में 2 रन देकर 3 महत्वपूर्ण विकेट हासिल किए। होली चाइल्ड की टीम के कोच विरेश शर्मा की अगुआई में टीम ने शानदार प्रदर्शन किया। संस्था के संरक्षक योगराज बत्रा, चेयरमैन रोहिताश बत्रा, वाइस चेयरमैन विकास बत्रा, एमडी श्रीमति पूजा बत्रा, विनय बत्रा, प्रधानाचार्य मिंटू दूबे, उपप्रधानाचार्य (एडमिन) प्रदीप कुमार जोशी एवं उप–प्रधानाचार्य (अकादमिक) श्रीमति मंजू अधिकारी, टूर्नामेंट के व्यवस्थापक सुधाकर सिंह (एचओडी–फिजिकल एजूकेशन), टेन्विक स्पोर्ट्स के क्षेत्रीय अधिकारी कपिल कुमार तथा समस्त शिक्षक वर्ग ने टीम की इस उपलब्धि पर बधाई दी।





# बालश्रम रोकथाम के लिए श्रम विभाग ने चलाया अभियान



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। बाल श्रम रोकथाम के लिए श्रम प्रवर्तन अधिकारी बलराम सिंह के नेतृत्व में संयुक्त टीम ने छापेमार कार्रवाई करते हुए कई दुकानों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान ट्रांजिट कैम्प में एक दुकान पर 11 साल का बालक काम करता पाया गया जिस पर दुकानदार के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही करते हुए अभियोग पंजीकृत कराया गया। जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में बीते दिवस टीएफ द्वारा बाल सर्वेक्षण अभियान चलाया गया। जिसके तहत श्रम प्रवर्तन अधिकारी बराल सिंह ने पुलिस कांस्टेबल ममता मेहरा, चाइल्ड लाईन की केस वर्कर दीपा मेहरा, रेखा अधिकारी, एनजीओ आईएसटी की मीरा कुमारी, रहीस अहमद के साथ ट्रांजिट कैम्प मेन मार्केट स्थित कई दुकानों में औचक निरीक्षण किया। औचक निरीक्षण के दौरान दुकानदारों में हड़कम्प मचा रहा। निरीक्षण की कार्रवाई के दौरान बजरंग ऑटो सर्विस में 11 साल का एक बालक काम करता मिला। जिस पर दुकान स्वामी पुष्पेन्द्र के खिलाफ केस दर्ज करने की कार्रवाई की गयी। श्रम प्रवर्तन अधिकारी बलराम सिंह ने कहा कि बाल श्रम अपराध है। कोई भी प्रतिष्ठान स्वामी नाबालिग बच्चों से काम नहीं करा सकता। ऐसा पाये जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि बाल श्रम में पकड़े जाने पर दुकानदार को छह माह की जेलऔर बीस से पचास हजार रूपये तक के जुर्माने की सजा हो सकती है।

# नकली शराब की फैक्ट्री पकड़ी,एक गिरफ्तार

## मुखानी में किराये का मकान लेकर बनाई जा रही थी नकली शराब

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। एसटीएफ की कुमायूँ टीम ने बुधवार को थाना मुखानी जनपद नैनीताल क्षेत्र में एक मकान में छापा मारकर, अन्दर संचालित हो रही नकली शराब बनाने की फैक्ट्री का भण्डाफोड़ करते हुए एक को गिरफ्तार कर लिया। मौके से भारी मात्रा में नकली शराब व नकली शराब बनाने का रॉ मटेरियल व उपकरण बरामद किये गये। एसएसपी एसटीएफ ने बताया कि टीम को पिछले काफी दिनों से सूचना मिल रही थी कि थाना मुखानी क्षेत्र में कहीं किसी मकान में नकली शराब बनाने की फैक्ट्री संचालित की जा रही है जिस पर एसटीएफ की टीम लगातार काम कर रही थी। बुधवार को गोपनीय सूचना के जरिये उक्त मकान का पता लग गया जिस पर टीम ने तुरन्त थाना मुखानी व आबकारी विभाग की टीम को साथ लेकर मकान को घेर लिया। मकान के अन्दर छापेमारी की गयी तो वहां एक व्यक्ति द्वारा नकली शराब बनायी जा रही थी। विशाल मंडल पुत्र वीरेंद्र मंडल, निवासी बुधबाजार लालकुआं हाल निवासी वार्ड नंबर 4 आजाद नगर थाना लालकुआं को मौके से रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया। मकान के अन्दर से भारी मात्रा में बाजपुर गुलाब माल्टा मार्का की तैयार नकली शराब व कैमिकल ,कच्चा माल व नकली शराब बनाने के उपकरण बरामद किये गये। गिरफ्तार युवक किराये पर मकान लेकर पिछले एक महीने से उसमें नकली शराब की फैक्ट्री चला रहा था जो कि एक रिहायशी इलाका है। आस–पास के लोगों को इसकी भनक तक नही थी। तैयार शराब को हल्दवानी क्षेत्र के रेस्टोरेंट व होटलों में सप्लाई किया जा रहा था। नकली शराब को बनाने के लिए रॉ मटेरियल व उपकरण यूपी से जिस व्यक्ति द्वारा सप्लाई कराये जा रहे थे उसका भी ठोस सुराग एसटीएफ को मिला है जिस पर आगे कार्यवाही की जायेगी। नकली शराब के सरगना विशाल मण्डल के खिलाफ थाना काठगोदाम, हल्द्वानी , लालकुआँ व आबकारी विभाग में नकली शराब बनाने व तस्करी के कुल 6 मुकदमें दर्ज हैं। फिलहाल टीम द्वारा आबकारी कार्यालय वनभूलपुरा , हल्द्वानी में गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध उचित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कराया गया है। पुलिस टीम में एसटीएफ के निरीक्षक एमपी सिंह, उपनिरीक्षक के0जी0 मठपाल, अपर उपनिरीक्षक प्रकाश भगत, मुख्य आरक्षी महेन्द्र गिरि, किशोर कुमार, जगपाल सिंह, दुर्गा सिंह, आरक्षी दीपक भट्ट, चालक संजय कुमार थाना मुखानी के उप निरीक्षक बलवंत कंबोज, आरक्षी रविंद्र खाती, शंकर सिंह रावत, आबकारी निरीक्षक धीरेंद्र सिंह बिष्ट, उप आबकारी निरीक्षक कैलाश चंद्र जोशी, आनंद सिंह दोसाद, चालक महेश चंद्र जोशी आदि शामिल थे।



# डीपीएस के छात्र–छात्राओं ने जाना कैसे बनते हैं केएलए के फ्रोजन प्रोडक्ट

रूद्रपुर(उद संवाददाता) । किच्छा के पास स्थित केएलए फूड्स इंडिया पब्लिक लिमिटेड के फ्रोजन प्लांट का डीपीएस स्कूल के छात्र–छात्राओं ने शैक्षिक भ्रमण किया। इस दौरान छात्र–छात्रओं को केएलए के उत्पादों की प्रोसेसिंग से लेकर निर्यात तक के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी। उत्पादन से जुड़ी जानकारियां हासिल करके बच्चे उत्साहित नजर आये। डीपीएस स्कूल की शिक्षिका नेहा और दीप्ती समेत अन्य शिक्षकों की देखरेख में कक्षा आठ के 60 छात्र–छात्राओं का दल केएलए फूड्स इंडिया के प्लांट पहुंचा। इस दौरान छात्र –छात्रओं ने पूरी फैक्ट्री का भ्रमण किया। कंपनी के निदेशक लक्ष्य अग्रवाल, नमन अग्रवाल,अनीशा अग्रवाल ने छात्र –छात्राओं को फैक्ट्री में बनने वाले मटर, मिक्स वेज, चाप, टिक्की, मिर्च, टमेटो सॉस सहित अन्य उत्पादों की प्रोसेसिंग कोल्ड स्टोरेज से लेकर निर्यात तक के बारे में विस्तार से जानकारी दी। लक्ष्य अग्रवाल ने बताया कि केएलए फूड्स की इस औद्योगिक इकाई की स्थापना वर्ष 2006 में हुई थी। कंपनी विश्व स्तर के फ्रोजन उत्पादों का गुणवत्ता के साथ निर्माण करती है। वर्तमान में कंपनी के उत्पाद ओमान, कुवैत, दुबई सहित करीब दस देशों में निर्यात किये जाते हैं। फ्रोजन उत्पादों की प्रोसेसिंग के बारे में जानकार बच्चे उत्साहित नजर आये। अंत में सभी ने कंपनी में बनी स्वीट् कोर्न का आनंद लिया।





# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## मधुर संबंधों का नया आयाम

सीमा विवाद को सुलझाने के लिए चल रही कवायद के जरिए भारत-चीन संबंधों ने नया आयाम हासिल किया है। दोनों देश लगभग पांच साल के अंतराल के बाद सीमा मुद्दे पर विशेष प्रतिनिधियों की बैठक जल्द बुलाने वाले हैं। साथ ही दोनों देशों में सीधी उड़ान बहाल करने और कैलााश मानसरोवर तीर्थयात्रा दोबारा शुरू करने को लेकर सहमति बन रही है। सीमावर्ती क्षेत्रों से सैनिकों की वापसी से शांति और सौहार्द बनाए रखने में मदद मिली है और अब भरोसा बहाल करने के आगे के कदम उठाए जा रहे हैं। सीमा विवाद के अलावा दोनों देशों के बीच जो मुद्दे अरसे से लंबित रहे हैं- मसलन, सीमावर्ती नदियों के आंकड़े साझा करने समेत आपसी सहयोग बढ़ाने के तमाम विषयों पर बातचीत शुरू की गई है और प्रगति संतोषजनक है। असल में चीन और भारत के बीच तनावपूर्ण रिश्तों का असर रूस और दक्षिण एशिया के अन्य देशों पर भी पड़ रहा था। रूस-यूक्रेन संघर्ष लगातार बना हुआ है, उसमें रूस पर अमेरिकी प्रतिबंधों को देखते हुए भारत से उसके मजबूत रिश्ते अहमियत रखते हैं। चीन से भारत की तनातनी के कारण यह समीकरण कारगर नहीं हो पा रहा था। माना जा रहा है कि इसी वजह से रूस ने पहल की और भारत-चीन के रिश्तों में आई खटास दूर होनी शुरू हुई। अमेरिका इस तनाव का लाभ उठाने का प्रयास कर रहा था। जबसे चीन के साथ भारत के संबंध कुछ मधुर होने शुरू हुए हैं, अमेरिका की प्रतिक्रिया का भारत के कूटनीतिज्ञ विश्लेषण कर रहे हैं। रूस के साथ भारत की नजदीकी से वह खफा है। अभी अमेरिका ने 19 भारतीय कंपनियों पर यह कहते हुए प्रतिबंध लगाए हैं कि वे रूस को मदद पहुंचा रही थीं। हालांकि, भारत ने अपने रिश्तों में संतुलन बनाए रखा है। रूस के साथ अपने रिश्तों में किसी तरह की खटास नहीं आने दी है और अमेरिका से भी नजदीकी बनाए रखी है। भारत की आर्थिक हैसियत लगातार बढ़ रही है और वह वैश्विक दक्षिण देशों के लिए भी भरोसेमंद साझीदार बन रहा है। इस कारण कोई भी ताकत भारत को नजरअंदाज नहीं कर पा रही। चीन का बड़ा व्यापार भारत के साथ है, वह उसे किसी भी रूप में गंवाना पसंद नहीं करेगा। भारत और चीन के बीच चल रही मौजूदा कवायद से तमाम समस्याओं पर स्थायी समाधान की उम्मीद की जा सकती है। मानसरोवर तीर्थयात्रा शुरू होने का भारतीय श्रद्धालु अरसे से इंतजार कर रहे हैं। सीधी उड़ान सेवाओं से विद्यार्थियों और पेशेवरों को राहत मिलेगी। हालांकि, सवाल अभी भी है कि चीन अपने ताजा रुख पर कब तक कायम रह पाता है। जब तक वह अपनी विस्तारवादी नीतियों से तौबा नहीं करता, उसके किसी भी कदम पर बहुत भरोसा करना ठीक नहीं। यह समझना होगा कि भारत और चीन सिर्फ पड़ोसी ही नहीं हैं, वे दुनिया के सबसे ज्यादा आबादी वाले देश भी हैं। वे एक दूसरे के पूरक हो सकते हैं। दोनों पक्षों ने अतीत में दिखाया है कि मजबूत आर्थिक संबंधों और लोगों के बीच संपर्क में सीमा विवाद बाधा नहीं बनते। अतीत में व्यापार संबंध जबदस्त ऊंचाई पर रहे, लेकिन निवेश, यात्रा और वीजा सहित कई क्षेत्रों में संबंध टूट गए। उनकी बहाली की कवायद स्वागतयोग्य है। संबंधों में भरोसा बहाल हो और यह स्थायी हो, तभी बात बनेगी।

# उत्तराखंड की फिल्म 'पायर' में छाये पदम सिंह और हीरा देवी

**❑साल 2017 में निर्देशक विनोद कापड़ी को मुनस्यारी के एक गांव में मिला था बुजुर्ग जोड़ा**

**❑अंतरराष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल के लिए चुनी गई उत्तराखंड के विनोद कापड़ी की पायर**

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड की फिल्म 'पायर' को प्रदेश के साथ-साथ विदेश में भी प्यार मिल रहा है। राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्म निर्माता और निर्देशक विनोद कापड़ी की फिल्म पायर को 'तेलिन ब्लैक नाइट्स फिल्म फेस्टिवल' में प्रदर्शित किया गया। यूरोप के एस्टोनिया की राजधानी तेलिम में ये फिल्म फेस्टिवल आयोजित हुआ था। राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार विजेता विनोद कापड़ी की नई फिल्म 'पायर' फिल्म गाला कैटेगरी में इस साल भारत से पायर को विश्व प्रीमियर के लिए चुना गया। बीते दिन 19 नवंबर को इस फिल्म के वर्ल्ड प्रीमियर के दौरान तालियों की गड़गड़ाहट से समारोह गूंज उठा। ऐसे में फिल्म के मेकर्स ने पोस्ट शेयर कर अपनी खुशी जाहिर की। फिल्म 'पायर' सच्ची कहानी पर आधारित है। साल 2017 में विनोद को मुनस्यारी के एक गांव में बुजुर्ग जोड़ा मिला था। उसी जोड़े के की कहानी फिल्म में दर्शाई गई है। इस फिल्म में 80 साल के बुजुर्ग जोड़े की एक बेहद ही अनोखी और दिल दहला देने वाली प्रेम कहानी को दिखाया गया है। बता दें कि इस फिल्म में बुजुर्गों पदम सिंह और हीरा देवी मुख्य रोल में है। दिलचस्प बात ये है कि इन दोनों में से किसी ने भी पहले ना कभी कैमरा फेस किया और ना ही कभी फिल्म देखी। पदम सिंह सेवानिवृत्त भारतीय सेना के जवान हैं। अब वो खेती करते है। तो वहीं हीरा देवी भैंसों की देखभाल और लकड़िया और घास जंगलों से लाती है। बता दें कि टैल्लिन में ये चुनी गई अकेली भारतीय फिल्म है। इस फिल्म को कंपीटिशन की केटेगरी में रखा गया है। पायर उत्तराखंड के हिमालय में बनी दो बुजुर्गों की प्रेम कहानी को दर्शाता है। इस फिल्म में पदम सिंह और हीरा देवी लीड रोल में है। दोनों ही



पिखोरागढ़ जिले के बेरीनाग तहसील के रहने वाले है। इस फिल्म की दिलचस्प बात ये है कि फिल्म निर्माता विनोद कापड़ी ने दो स्थानीय बुजुर्गों पदम सिंह और हीरा देवी को मुख्य रोल के लिए चुना। इन दोनों में से किसी ने भी पहले ना कभी कैमरा फेस किया और ना ही कभी फिल्म देखी। पदम



सिंह सेवानिवृत्त भारतीय सेना के जवान हैं। अब वो खेती करते है। तो वहीं हीरा देवी भैंसों की देखभाल और लकड़िया और घास जंगलों से लाती है। फिल्म निर्माता और निर्देशक विनोद कापड़ी इस प्रतिष्ठित तेलिन ब्लैक नाइट्स इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के 28वें संस्करण का हिस्सा बनने के लिए पदम सिंह और हीरा देवी (फिल्म के मुख्य कलाकार) के साथ एस्टोनिया की राजधानी तेलिन पहुंच गए है। बता दें कि ये उनकी पहली विदेश यात्रा है। पहली बार वो प्लेन से सफर कर रहे हैं। इस फिल्म के लिए ऑस्कर विजेता संगीतकार माइकल डैना ने संगीत बनाया। इसके अलावा बहु-पुरस्कार विजेता जर्मन संपादक पेट्रीसिया रोमेल ने भी संगीत में योगदान दिया और भारतीय दिग्गज गुलजार ने 'पायर' के लिए सुंदर सा गीत लिखा। विनोद कापड़ी ने खुशी जाहिर करते हुए इन तीनों महान दिग्गजों का उनके योगदान के लिए शुक्रिया अदा किया। बता दें कि इस फिल्म के लिए गुलजार ने कोई भी फीस लेने से इनकार कर दिया।

"वाह भई विनोद कापड़ी जी आपने उत्तराखंडियत को एक नई बुलंदी प्रदान की है। आपने मेरे गढ़ की 60 वर्षीय हीरा देवी और पुराने थल के 80 वर्षीय पदम सिंह को हीरोइन और हीरो के रूप में हमारी उत्तराखंडी गांवों की जो धीरे-धीरे भूतहा गांवों में परिणित हो रहे हैं उसकी वास्तविकता और उसकी जिंदा दिली, दोनों से दुनिया का साक्षात्कार कराया। आपकी हीरा देवी में हम जैसे लाखों लोगों की मां, बड़ी बहन और पदम सिंह जी में पिता और चाचा के दर्शन होते हैं। जब एस्टोनिया में भी हीरा देवी जी को घर में अपने भैंस को घास की पत्तियां देने की चिंता उठेगी तो हमारा उत्तराखंड जीवांत रूप में यूरोप की यह सुंदर शहर ताल्लिन में साक्षात हो उठे। मैं, आपकी कल्पनाशीलता और वास्तविकता का संगम करने की अद्भुत क्षमता को सेल्यूट करता हूं। आपका बहुत-बहुत आभार और ढेर सारी शुभकामनाएं।

**(हरीश रावत,**
**पूर्व मुख्यमंत्री उत्तराखंड।)**

# राज्यपाल ने किया देहरादून अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी महोत्सव का उद्घाटन

देहरादून(उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने बुधवार को वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में आयोजित पांचवे देहरादून अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी महोत्सव-2024 का उद्घाटन किया। 4 दिवसीय इस महोत्सव में 30 से अधिक तकनीकी और वैज्ञानिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसके साथ ही विश्वविद्यालय के परिसर में विज्ञान और प्रौद्योगिकी प्रदर्शनी में विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के छात्रों एवं वैज्ञानिक तथा प्रौद्योगिकी आधारित संस्थाओं ने नवाचार पर आधारित प्रोजेक्ट्स का प्रदर्शन किया। राज्यपाल ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया और छात्रों के प्रोजेक्ट्स की सराहना करते हुए उनका उत्साहवधन किया।महोत्सव के शुभारंभ के अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि विज्ञान और प्रौद्योगिकी वर्तमान समय की जरूरत है और इसे स्वीकार किए बिना हमारी प्रगति और विकास संभव नहीं है। हमें प्रत्येक क्षेत्र में विकास करना है तो विज्ञान और





तकनीकी को स्वीकार करना और इसके साथ चलना जरूरी है। आज के दौर में यह हर समाज, देश की मूलभूत आवश्यकता बन चुकी है। उन्होंने कहा कि समय के साथ जो तकनीकी परिवर्तन हो रहा है उसी अनुसार अपने आपको डालना जरूरी है।राज्यपाल ने कहा कि स्कूली जीवन से ही छात्रों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित किया जाना चाहिए। इस दिशा में देहरादून अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी महोत्सव एक मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि विकसित देशों के साथ प्रतिस्पर्धा में आगे हैं तो उसका आधार विज्ञान और प्रौद्योगिकी ही है। उन्होंने कहा कि हमें नवाचार और शोध के साथ ही स्किल आधारित शिक्षा पर विशेष जोर देना होगा। इसके लिए जरूरी है कि हमारे छात्र स्कूली जीवन से ही वैज्ञानिक दृष्टिकोण से समृद्ध हों।राज्यपाल ने उपस्थित छात्रों से कहा कि आप सभी अपने अंदर वैज्ञानिक चेतना व नवाचारी सोच को विकसित करें और आप सभी विज्ञान और तकनीकी के ब्रांड एंबेसडर बनें। उन्होंने कहा कि यहां से पूरे भारत में विज्ञान और तकनीकी की ज्योति जले। उन्होंने कहा कि आप सभी युवा देश और राज्य की असली ताकत हैं जिनके बलबूते भारत विकसित राष्ट्र और विश्व गुरु के लक्ष्य को प्राप्त करेगा। राज्यपाल ने आयोजकों से महोत्सव के माध्यम से अधिक से अधिक छात्रों को लाभान्वित करने का अनुरोध किया और कहा कि इस मंच को ऐसा रूप दे कि यह शोध, विकास और नवाचार का एक केंद्र के रूप में स्थापित हों। इस अवसर पर उपस्थित तकनीकी शिक्षा मंत्री सुबोध उनियाल ने सभी को महोत्सव के सफल आयोजन की शुभकामनाएं दी। महोत्सव में कुलपति तकनीकी विश्वविद्यालय प्रो. ओंकार सिंह, महानिदेशक यूकॉस्ट प्रो. दुर्गेश पंत, निदेशक यूसर्क प्रो. अनिता रावत, आयोजन सचिव कुंवर राज अस्थाना, विश्वविद्यालय के कुल सचिव सतेन्द्र सिंह सहित अनेक वैज्ञानिक, विज्ञान प्रेमी, विभिन्न संस्थानों के निदेशक गण, संकायों के विभागाध्यक्ष, शिक्षाविदों और स्कूल/कॉलेजों के छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

# सोबन सिंह जीना बेस अस्पताल हल्द्वानी में दिव्यांगजनों हेतु 'जन सुविधा कल्याण शिविर' का आयोजन किया

नैनीताल(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी,नैनीताल के निर्देशों के क्रम में बुधवार को समाज कल्याण एवं स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से सोबन सिंह जीना बेस अस्पताल हल्द्वानी में दिव्यांगजनों हेतु 'जन सुविधा कल्याण शिविर' का आयोजन किया गया। शिविर में चिन्हित दिव्यांगजनों को लाने एवं घर छोड़ने हेतु निशुल्क वाहन की व्यवस्था, दिव्यांगजनों के प्रमाण पत्र बनाने एवं उन्हें विभाग द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया गया। जिला समाज कल्याण अधिकारी दीपांकर घिल्डियाल द्वारा बताया गया कि शिविर में कुल 115 दिव्यांगजनों के दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाये गये। शिविर में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी श्रीमती श्वेता भण्डारी, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ विजय जोशी, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ हर्ष सिंह ऐरी, मनोचिकित्सक डॉ हिमान्शु काण्डपाल



मनोवैज्ञानिक डॉ युवराज सिंह, ईएनटी सर्जन डॉ कविता लोहनी,अपर जिला समाज कल्याण अधिकारी असलम अली, सहायक समाज कल्याण अधिकारी राहुल आर्य, पूजा भट्ट, सहायक अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी संजय बिष्ट, जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र से कविता,राजेश,अजय चोखाल,गोरव, राजेन्द्र आदि मौजूद रहे।

# पलायन से खाली होते खेत खलिहान

गांव में वह रौनक जब सांय के समय सभी लोग अपना दिन भर का काम निपटाने के बाद चौपाल लगाकर बैठते थे ।होर्मोनियम के स्वर तथा ढोलक की वह ताल जिसमें दिन भर की थकान के बाद गांव के लोग नृत्य कर अपना मनोरंजन करते थे सभी वर्ग के लोग का अपना ग्रुप था जिसमें लोग गांव में होने वाली अनेक गतिविधियों में भाग लेते थे कहीं पर ककड़ी को चुराना तो कहीं पर नींबू माल्टा को खाने की बात ।कहीं पर पनचक्की में गेहूं पीसने जाते समय मसाल जलाकर रात में जाने की बात और एक दूसरे का सहयोग करने की बात होती थी तो गांव में कोई किसी से पीछे नहीं था ।पर आज गांव में पनचक्की रही नहीं । वह समूह अब तो गायब ही हो गये हैं।गांव में चारों ओर खंडहर ही खंडहर दिखाई देते हैं वह चाचा चाची की मार दादा दादी का प्यार आज सब समाप्त हो गया है। सरकारों द्वारा गांव के लिए कोई ठोस नीति न बनने के कारण आज सारे गांव खाली हो गए हैं गांव में यदि फसल बोई जाती है तो सिंचाई की व्यवस्था नहीं है जिससे फसल समय पर बारिश न होने के कारण उग ही नहीं पाती है और जो उग जाती है तो उसे जंगली जानवर रहने नहीं देते हैं। घरों के अंदर रखे फल तथा कद्दू को बंदर उठाकर ले जाते हैं गांव में आज सारे मकान खाली हैं तीन-तीन मंजिला मकान है पर खंडार बने हैं किसी मकान में दादा-दादी हैं तो कोई बिल्कुल खाली हैं खेतों में जहां हरियाली होती थी आज उन खेतों में कांटे उग गए हैं । आज सरकार की किसी भी योजना का लाभ केवल खाद्य सुरक्षा को छोड़कर जींसने गांव के लोगों को और आलसी बना दिया कुछ लोग काम खेतों में करते थे अब तो खेतों में सब्जी भी लगाना बंद कर दिया है। आज गांव में जहां हजारों की संख्या में से मात्र 100 50 की संख्या रह गई है सरकार को ऐसे कार्य ग्राम सभाओं में करने चाहिए जिससे गांव पुनः एक बार खेत आवाद हो सके और एक बार पुनः उन घरों को आवाद किया जा सके और घर के सभी लोगों को रोजगार तथा अन्य फसल बोने के तरीके जिससे फसल अच्छी हो सके और गांव के लोग घर में ही अपनी दिन चर्या चला सके।

**गौरी दत्त जुकरिया,**
**प्रधानाचार्य,नानकमत्ता**

# सुदूरवर्ती क्षेत्रों में बहुउद्देश्यीय शिविर का आयोजन

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। शासन की प्राथमिकता के तहत, ग्रामीण क्षेत्रों में जन समस्याओं का समाधान एवं विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से विकासखंड धौलादेवी के राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चगेंठी में बहुउद्देश्यीय शिविर का आयोजन किया गया।शिविर का शुभारंभ जागेश्वर विधानसभा के विधायक मोहन सिंह मेहरा, मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी एवं समाज कल्याण अधिकारी अल्मोड़ा आराधना त्रिपाठी द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर विधायक जागेश्वर मोहन सिंह मेहरा एवं मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी ने शिविर में लगाए गए विभिन्न विभागों के स्टॉल का निरीक्षण किया तथा अधिकारियों को अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए।विधायक एवं मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ हर नागरिक तक पहुंचना चाहिए। यह शिविर ग्रामीण क्षेत्रों में योजनाओं के प्रचार-प्रसार एवं लाभार्थियों तक उनका सीधा लाभ पहुंचाने का माध्यम है।शिविर में शामिल विभाग समाज कल्याण विभाग महिला कल्याण विभाग राजस्व विभाग पेयजल विभाग विद्युत विभाग कृषि विभाग पशुपालन विभाग उद्यान विभाग श्रम विभाग समेत अन्य विभागों ने स्टॉल लगाए।महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग द्वारा मुख्यमंत्री महालक्ष्मी किट योजनाके लाभार्थियों को किट वितरित की गई।इसके अतिरिक्त, मुख्य विकास अधिकारी ने विद्यालय के छात्र-छात्राओं और उपस्थित आमजन को नशा मुक्त भारत के लिए शपथ दिलाई। शिविर में स्वास्थ्य सेवाओं, पेंशन योजनाओं, प्रमाण पत्र जारी करने, स्वरोजगार योजनाओं, कृषि एवं उद्यान संबंधी जानकारियां और अन्य योजनाओं के आवेदन लिए गए। इस दौरान उप जिलाधिकारी भनौली नंदन सिंह नगन्याल, समाजकल्याण अधिकारी आराधना त्रिपाठी, जिला कार्यक्रम अधिकारी पीताम्बर प्रसाद समेत अन्य अधिकारी एवं स्थानीय जनता उपस्थित रही।







## हादसे में चालक के खिलाफ महिला ने सौंपी तहरीर

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। गौलापार क्षेत्र में 14 नवंबर को एक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। पीड़ित के परिवार ने आरोप लगाया है कि हादसे का कारण एक अज्ञात वाहन था, जिसने तेजी और लापरवाही से स्कूटी को टक्कर मारी। साथ ही, आरोप है कि पीड़ित के साथी ने भी उसे घायल अवस्था में छोड़कर मौके से भागने की कोशिश की। मृतक के परिजनों ने पुलिस से कड़ी कार्रवाई की मांग की है और मामले में दो दोषियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने की अपील की है। आशा पत्नी नासिर निवासी गफूर बस्ती, वार्ड न0-24, बनभूलपुरा हल्द्वानी ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि उसका बेटा साहिल अपने पड़ोसी नब्बू के साथ मजदूरी करने गौलापार गया हुआ था, स्कूटी पर सवार होकर घर वापस लौट रहे थे। नब्बू स्कूटी चला रहा था, जब वे खेड़ा चौराहे के पास पहुंचे, तो विपरीत दिशा से तेज गति से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने अचानक उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी। घटना के बाद, नब्बू ने साहिल को गंभीर हालत में छोड़कर मौके से भागने की कोशिश की, लेकिन स्थानीय लोगों ने उसे पकड़ लिया। इस दौरान नब्बू ने साहिल का मोबाइल फोन भी छीन लिया, जो कि बाद में गायब पाया गया। टक्कर के कारण साहिल को गंभीर चोटें आईं और मौके पर मौजूद लोग उसे तुरंत सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय, हल्द्वानी में भर्ती करवाने के लिए लेकर गए। वहीं, घटना के दिन ही अस्पताल में इलाज के दौरान साहिल की मृत्यु हो गई। मृतक के परिजनों का कहना है कि नब्बू ने उनके बेटे की हालत के बारे में किसी को सूचना नहीं दी, जबकि उसी समय आसपास के लोग घटनास्थल से साहिल को अस्पताल लेकर गए थे। साहिल के माता-पिता, विशेषकर उसकी मां आशा, इस समय गहरे शोक में डूबे हुए हैं । पीड़िता ने काठगोदाम थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है, जिसमें उन्होंने नब्बू और अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

## वाहन चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की पत्नी ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग को लेकर न्यायालय का रुख किया है। 11 मई 2024 को हुई इस घटना में प्रार्थीनी के पति, श्री उमेश चन्द्र यादव को एक तेज गति से आ रही स्कूटी ने टक्कर मार दी, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। अब प्रार्थीनी ने न्यायालय में एक प्रार्थना पत्र दायर कर आरोपित चालक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की अपील की है। 11 मई को सुबह लगभग 11:20 बजे उमेश चन्द्र यादव अपने निजी कार्य से कार्यालय जा रहे थे। उसी दौरान एक स्कूटी संख्या UK-04 5491 ने तेजी से पीछे से आकर उन्हें जोरदार टक्कर मारी। यह टक्कर इतनी जोरदार थी कि श्री यादव सड़क पर गिर पड़े और बेहोश हो गए। सड़क पर पड़े श्री यादव को देखकर पास के लोगों ने उन्हें उठाया और तुरंत सुशीला तिवारी अस्पताल, हल्द्वानी में भर्ती कराया। अस्पताल पहुंचने के बाद डॉक्टरों ने उनकी हालत नाजुक बताई और ऑपरेशन की सलाह दी। हालांकि, इस स्थिति से असंतुष्ट होने के कारण परिवार ने उन्हें अग्रवाल क्लीनिक में भर्ती कराया, जहां उपचार जारी है, लेकिन उनकी हालत में कोई खास सुधार नहीं हो रहा है। प्रेमलता पत्नि उमेश चन्द्र यादव निवासी पुरम बरेली रोड हल्द्वानी जिला नैनीताल ने हल्द्वानी कोतवाली में शिकायत दी थी, लेकिन शिकायत के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की गई। 17 मई को पुलिस ने शिकायत की रिसीविंग तो दी, लेकिन इसके बाद कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए। इसके बाद, 1 जून को प्रार्थीनी ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, थाना प्रभारी और पुलिस उपाधीक्षक को भी इस मामले की जानकारी दी, परंतु पुलिस विभाग ने किसी प्रकार की कार्यवाही नहीं की। इससे व्यथित होकर प्रार्थीनी ने अब न्यायालय की शरण ली। न्यायालय के आदेश के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया।

## सांसद भट्ट ने रामगढ़ में किया विभिन्न क्षेत्रों का दौरा

नैनीताल (उद संवाददाता)। पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री व नैनीताल उधम सिंह नगर संसदीय क्षेत्र से सांसद श्री अजय भट्ट ने गत दिवस रामगढ़ क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में दौरा कर जनता से मुलाकात की साथ ही जनता द्वारा बताई गई । सांसद श्री भट्ट ने रामगढ़ के शीतला में स्थानीय लोगों का कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। इसके पश्चात ओडाखान में पूर्व ब्लाक प्रमुख श्रीमती चंपा आर्य जी के आवास पर स्थानीय जनता से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना। इसके पश्चात श्री भट्ट में मातृशक्ति के लिए मिसाल बन चुकी कमल नेगी जी से मुलाकात की और गाड़ियों में पंचर जोड़ने का काम करने वाली कमला नेगी जी के साहस और स्वरोजगार को आज के दौर में लोगों के



लिए प्रेरणा बताया। इसके अलावा नथुआ खान बाजार में व्यापारियों व स्थानीय लोगों से मुलाकात कर विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। वरिष्ठ नेता एवं पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष कुंवर सिंह नेगी जी के आवास में भी गए इसके अलावा रामगढ़ ब्लॉक के सीमायल रेकवाल गांव में भी कार्यकर्ताओं व स्थानीय जनता से भेंट कर उनकी समस्याओं को सुना और अधिकारियों का आवश्यक दिशा निर्देश दिए इसके अलावा श्री भट्ट ग्राम सभा डेलकुना में पहुंचे जहां स्थानीय जनता से उन्होंने मुलाकात की साथ ही क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों व स्थानीय लोगों द्वारा बताई गई समस्या के निस्तारण के निर्देश भी अधिकारियों को दिए श्री भट्ट द्वारा ग्राम देवदार में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को अवासो चाबी भी वितरित की गई इस दौरान श्री भट्ट के साथ भीमताल विधायक राम सिंह कैड़ा भी मौजूद रहे। पांडे उत्तराखंड शुगर जी एम, संजीव सिंह , पूरन भट,चंदन जायसवाल शुजात खान चूड़ामणि आदि मौजूद रहे।

## 'क्लीन टॉयलेट चौलेंज 2023' प्रतियोगिता में उत्तराखण्ड को देश में तीसरा स्थान

देहरादून। केंद्रीय आवासन और शहरी विकास मंत्रालय के अधीन संचालित स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) की ओर से देशभर में सार्वजनिक शौचालयों के रख - रखाव और स्वच्छता के लिए केंद्र सरकार की ओर से आयोजित 'क्लीन टॉयलेट चौलेंज 2023' प्रतियोगिता में उत्तराखण्ड को देश में तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है। इस उपलब्धि पर मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने स्वच्छ भारत मिशन, के जरिए देश वासियों में स्वच्छता के प्रति जागरुकता पैदा की है। उत्तराखण्ड सरकार भी स्वच्छता अभियान मिशन मोड पर संचालित कर रही है, शहरी विकास विभाग सार्वजनिक शौचालयों के रख रखाव के लिए निश्चित तौर पर प्रंशसा का पात्र है। उत्तराखण्ड में कुल 2553 सार्वजनिक शौचालय सीट हैं, जो ज्यादातर शहरी निकाय, यात्रा मार्ग, तीर्थस्थलों, पर्यटन स्थलों पर मौजूद हैं। सचिव शहरी विकास श्री नितेश झा ने बताया कि सार्वजनिक शौचालयों की स्वच्छता के लिए, सभी निकायों का खासकर निर्देश दिए गए हैं, साथ ही सार्वजनिक शौचालयों की संख्या भी बढ़ाई जा रही है।

## पेज एक का शेष...

**सड़क के लिए..**संबंधित विभाग तथा जिला प्रशासन द्वारा सड़क निर्माण को लेकर के कोई कदम नहीं उठाया जा रहा है और ना ही स्टोन क्रेशर में खनिज पदार्थ लाने वाले वाहनों पर ओवरलोडिंग पर लगाम लगाई जा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार को क्षेत्र की जनता की उपेक्षा का खामियाजा भुगतना पड़ेगा। उल्लेखनीय है कि पूर्व में भी सड़क का निर्माण ए बी डी द्वारा कराया जा चुका है। किंतु ओवरलोड वाहनों की वजह से सड़क बार-बार क्षतिग्रस्त हो रही है। विधायक तिलक बेहड़ ने कहा कि सड़क का निर्माण मानकों के अनुरूप नहीं हो रहा है क्योंकि सड़क पर ओवरलोड अधिक होने के कारण सड़क बार-बार टूट जा रही है। धरना और जाम की सूचना पर उप जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्र और तहसीलदार गिरीश त्रिपाठी मौके पर पहुंचे उन्होंने प्रदर्शनकारियों से बात की। धरना स्थल पर राजेश प्रताप सिंह, नारायण सिंह बिष्ट, अभय सिंह उर्फ रामबाबू ,गणेश उपाध्याय, ओमप्रकाश दुआ, छोटेलाल कोहली, नासिर हुसैन, गुड्डू तिवारी, भूपेंद्र चौधरी, सुनीता कश्यप, ललिता देवी, अशोक मित्रा, सुनील ठाकुर, जितेंद्र ,रविंद्र सिंह, राजेश्वर सिंह, नारायण सिंह, हरिश्चंद्र सिंह, जितेश राय, ,नायक चौबे, दिनेश सिंह, वीरेंद्र यादव, मुन्ना लाल गुप्ता, लियाकत अली अंसारी, एन यू खान, हसीब, निशान सिंह, अशोक चुघ आदि उपस्थित थे।

**चीनी मिलों को ...**हेतु कार्य करना चाहिए ताकि घाटे से चीनी मिलों को उबारा जा सके। उन्होंनें मिल प्रशासन को भी चेतावनी दी कि कोताही बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उन्होंने कहा कि मिल प्रशासन का उद्देश्य मिल के साथ साथ किसानों को भी लाभ पहुंचाना हो। उन्होंने कहा कि किसानों के 208 करोड़ बकाया भुगतान के आदेश हो चुके हैं, जल्द ही किसानों को बकाया भुगतान हो जायेगा। कैबिनेट मंत्री ने नियुक्ति पाने वाले सभी कर्मचारियों को शुभकामनाएं देते हुए मिल के हितों के लिए काम करने का आहवान किया। उन्होंने कहा कि सभी चीनी मिलों में मृतक आश्रित कोटे से 68 लोगों को नियुक्तिया मिली है। आज 37 लोगों को नियुक्ति प्रदान किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जल्द ही सीजनल कर्मचारियों को भी नियुक्ति पत्र जारी किये जायेंगे। कैबिनेट मंत्री ने इस दौरान मृतक आश्रित कोटे से बंटी, शंकर गंगवार, समीर अंसारी, संगीता गुप्ता, अमन, विनीत राव, आशुतोष कुमार, सुमित पासवान, रामनाथ, रजत यादव, अजीत कुमार सहित बाजपुर, नांदेही, किच्छा, शुगर फैक्ट्री के कुल 37 लोगों को कैबिनेट मंत्री ने नियुक्ति पत्र प्रदान किये। इस अवसर पर अधिशाषी निदेशक हरवीर सिंह, अधिशासी निदेशक त्रिलोक सिंह मार्तोलिया, मनमोहन सक्सेना, राजीव सक्सेना, विजय कुमार

**केदारनाथ में खुली ...**गांव में नहीं पहुंचा। कुछ गोपनीय लोग गांव में तो आ रहे थे और वोट करने का दबाव भी बना रहे थे लेकिन शासन प्रशासन ने उनकी सुध नहीं ली। ग्रामीणों द्वारा यह भी चेतावनी दी गई है कि अगर शासन-प्रशासन की ओर से जल्द सड़क निर्माण की कार्रवाई नहीं की गई तो ग्रामीण आगे के आंदोलन की रणनीति बनाएंगे। इसके अलावा ग्राम तोक के 80 वोटरों ने अपना वोट ही नहीं डाला। ग्रामीणों का कहना था कि वो लंबे समय से सड़क की मांग कर रहे हैं, लेकिन उनकी मांग को पूरा नहीं किया जा रहा है। जिस कारण जहंगी गांव के बांझगडू तोक के 80 वोटर पिल्लू बूथ पर वोट देने ही नहीं गए। उन्होंने नाराज होकर वोटिंग का बहिष्कार कर दिया। ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने मतदान से काफी दिनों पहले शासन-प्रशासन को लिखित में सड़क की मांग को लेकर वोट बहिष्कार की चेतावनी दी थी, लेकिन उनकी सुनवाई ही नहीं हुई। ऐसे में उनके तोक के सभी मतदाताओं ने अपने मत का इस्तेमाल नहीं किया। उन्होंने कहा कि आगे भी उनका विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा।

**हल्द्वानी में कल..**तब नैनीताल बैंक तिराहा से अल्मोड़ा अर्बन बैंक तिराहा की ओर आने वाले समस्त प्रकार के वाहन नैनीताल बैंक तिराहा से डायवर्ट होकर रोडवेज होते हुए अपने गंतव्य को जायेंगे। इसके घ्अलावा कलश यात्रा कालाढूंगी तिराहा से अग्रसेन चौक(सिटी चौक)की ओर विपरीत दिशा में अपने दाहिनी ओर चलेगी तब बरेली रोड/ रामपुर रोड से आने आने वाले समस्त प्रकार के वाहनों को सिंधी चौराहा/ सिटी चौराहा से 20 मीटर पहले रोका जाएगा। जब शोभा यात्रा अग्रसेन चौक से बाजार क्षेत्र में प्रवेश करेगी तब सिंधी चौराहा/सिटी चौराहा से बाजार क्षेत्र की ओर समस्त प्रकार के वाहनों का प्रवेश पूर्ण रूप से वर्जित रहेगा। ओके होटल तिराहा व कालाढूंगी तिराहा से बाजार क्षेत्र की ओर समस्त प्रकार के वाहनों का प्रवेश पूर्ण रूप से वर्जित रहेगा। भारद्वाज तिराहा/गोलापुल से ताज चौराहा की ओर समस्त प्रकार के वाहनों का प्रवेश पूर्ण रूप से वर्जित रहेगा।

**आपत्तिजनक वीडियो...**के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। ज्ञापन की प्रति शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी अमृतसर, अकाल तख्त साहिब, अमृतसर और तख्त हजूर साहिब नांदेड़ को भी भेजी गई हैं। इस दौरान गुरुप्रीत सिंह प्रिन्स, गगनदीप सिंह कोहली, गगनदीप सयाली, मनमीत सिंह गुजराल, सरबप्रीत सिंह सेठी, कुलवीर सिंह,अमनपाल सिंह, गुरजीत सिंह कोहली, तरनप्रीत सिंह, मनदीप सिंह, गुरदीप सिंह, जसप्रीत सिंह, गगनदीप सिंह धीर, परमजीत सिंह आदि लोग मौजूद थे।

## फायरिंग के मामले में केस दर्ज

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। शहर के जजी कोर्ट के सामने सोना-चाँदी ज्वैलर्स के पास एक युवक के साथ मारपीट और फायरिंग का मामला सामने आया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, 17 नवंबर की रात करीब 22:27 बजे संचित सेठी ने डायल 112 में सूचना दर्ज कराई कि जजी कोर्ट के सामने कुछ लड़के एक लड़के के साथ मारपीट कर रहे हैं और फायरिंग भी की है। जांच में पता चला कि राहुल राठौर, चायना, सुमित बिष्ट और सूरज खत्री आपस में गाली-गलौच और मारपीट करने के बाद एक दूसरे को धमकी दे रहे थे। राहुल राठौर को गंभीर चोटें आईं और वह सुशीला तिवारी अस्पताल में भर्ती है। पुलिस ने बताया कि राहुल राठौर ने बयान दिया कि सुमित बिष्ट और सूरज खत्री ने उसे धारदार हथियार से मारा और वह बेहोश हो गया। घटना स्थल के आसपास के लोगों ने बताया कि राहुल राठौर और चायना में से किसी एक ने फायर किया था। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और विस्तृत जांच की जा रही है। आरोपियों की पहचान सुमित बिष्ट और सूरज खत्री के रूप में हुई है।

## दो दिवसीय वार्षिक समता सत्संग 29 से

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। 65 वां विशाल दो दिवसीय वार्षिक समता सत्संग सम्मेलन आगामी 29 व 30 नवम्बर को सत्संग समतावाद समता योग आश्रम, रामपुर रोड़ में आयोजित किया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार 29 नवम्बर दिन शुक्रवार को प्रात: 7 से 9 बजे तक सत्संग होगा। दोपहर 3:30 सं 5 बजे तक स्त्री सत्संग तथा रात्रि 7 बजे से 9 बजे तक सत्संग आयोजित किया जायेगा। 30 नवम्बर दिन शनिवार को प्रात: 7:30 बजे से 8:+30 बजे तक वाणी पाठ, 10:30 से दोपहर 1 बजे तक विशाल सत्संग तथा सत्संग समाप्ति के उपरांत गुरू का लंगर प्रारम्भ होगा। आयोजकों द्वारा सभी से उपरोक्त सभी कार्यक्रमों में सपरिवार शामिल होने का आग्रह किया गया है।

**संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा**
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
**सम्पादक- परमपाल सुखीजा**
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
**E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in**
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# बॉयलर हीट करने को जलाई जा रही पन्नियां

## काशीपुर की आबो हवा में घुल रहा है प्रदूषण का जहर, जेब गर्म कर रहे अधिकारी

काशीपुर(उद संवाददाता)। नियम कायदों को ताक पर रखकर संचालित कल कारखानों से होने वाले भारी प्रदूषण ने काशीपुर क्षेत्र की आबो-हवा में जहर घोलना शुरू कर दिया है। हवा में धूल की अधिकता के कारण एयर क्वालिटी इंडेक्स सामान्य से ऊपर है। तेजी से बढ़ते प्रदूषण के कारण जहां एक और लोग गंभीर बीमारियों के शिकार हो रहे हैं वहीं दूसरी ओर पर्यावरण तथा जलीय जीव जंतुओं पर भी इसका खासा असर देखा जा रहा है। सूत्रों की माने तो जिम्मेदारी के नाम पर प्रदूषण विभाग ठीक से औपचारिक का भी नहीं कर पा रहा है। मुरादाबाद रोड पर सूर्य रोशनी की नजदीक नियम कायदों को ताक पर रखकर संचालित एक पेपर मिल के अलावा जसपुर रोड पर ग्राम कुदैयावाला मैं संचालित पेपर मिल की ऊंची ऊंची चिमनियों से गाढे धुएं के रूप में निकल रही रख के कारण आसपास के लोगों का जीना मुहाल हो चुका है। पेपर मीलें केमिकल युक्त पानी को नदी नालों में छोड़ रहे हैं या फिर उन्हें भूतल में खपाया जा रहा है। पेपर मिलों के संचालकों की यह करतूत पर्यावरण के लिए बड़ा खतरा बन चुकी है। इंसानी जिंदगियों को गंभीर बीमारियों का खतरा सताने लगा है वही जलीय जीव जंतु भी जहरीले पानी के कारण असमय मौत के मुंह में जा रहे हैं। सूत्रों का कहना है कि उपरोक्त दोनों पेपर मिलन में बॉयलर को हिट करने के लिए ईंधन की बजाय पन्नियां जलाई जा रही है। इससे निकलने वाले धुएं के कारण आसपास के लोग तेजी से नेत्र रोग स्वास्थ्य जैसी गंभीर बीमारियों के शिकार हो रहे हैं। सूत्रों का कहना है कि प्रदूषण विभाग की जिम्मेदार अधिकारी दायित्वों के नाम पर जेब गर्म करने का काम करते हैं। अक्सर पेपर मिलों में आधी रात के बाद बॉयलर को हिट करने का काम किए जाने की सूचना है। बताते हैं कि जिस समय बॉयलर को हीट किया जाता है आसपास के वातावरण में रहने वाले जीव जंतुओं की शामत आ जाती है। पेड़ पौधों पर राख की मोटी परत जमा हो जाती है। गर्मियों में लोगों का घर की छतों पर सोना मुहाल है।



### कैसे देखी जा सकती है दायित्वों में पारदर्शिता!

काशीपुर। राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की घोर अनदेखी के चलते क्षेत्रीय अधिकारी नरेश गोस्वामी पिछले कई वर्षों से एक ही स्थान पर जमे है। पूर्व में वह यहीं पर जेई थे इसके बाद पदोन्नति हुई और वह जेई से एई बन गए। एई के बाद उन्हें आर ओ (क्षेत्रीय अधिकारी) के खिताब से नवाजा गया लेकिन निरंतर पदोन्नति के बाद भी उनका ट्रांसफर नहीं हो सका। अब एक ही स्थान पर यदि कोई अधिकारी इतने वर्षों से जमा है तो दायित्वों में पारदर्शिता कैसे देखी जा सकती है। अधिकांश छोटे-बड़े कल कारखानों के संचालक कथित तौर पर जिम्मेदार अधिकारी को अपना मित्र बताते हैं।

## ट्रांसफार्मर बदलकर विद्युत आपूर्ति सुचारू कराई

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)।नगर पंचायत शक्तिगढ़ के वार्ड नंबर 1 व 6 को सप्लाई देने वाले 63 के वी ए ट्रांसफार्मर को खराब होने के बाद 24 घंटे के अंदर बदलवा दिया गया है। अचानक ट्रांसफार्मर में ब्लास्ट होने पर आसपास के लोगों द्वारा समाजसेवी रमेश राय को सूचना दी गई, जिस पर मौके पर विद्युत कर्मियों को बुलाकर ट्रांसफार्मर चेक कराया गया, जिस पर पता चला कि ट्रांसफार्मर फुंक गया है। तत्काल एस डी ओ विद्युत विभाग से वार्ता कर नया 63 केवीए का ट्रांसफार्मर स्थापित कराया गया,रमेश राय खुद विद्युत विभाग के कार्यलय पहुंचकर ट्रांसफार्मर अपने साथ लेकर आये।इस मौके पर,बंगाली महासभा शक्तिफार्म इकाई अध्यक्ष विश्वजीत हालदार, विद्युत कर्मि, अशोक अधिकारी, निखिल वाला, दिनेश विश्वास सूरज सरकार मनोज विश्वास कानू सरकार आदि लोग मौजूद रहे।



## जरूरतमंदों को वितरित किये कम्बल

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)।श्रीमद् भागवत कथा व्यास आचार्य राम चन्द्र राय शक्तिफार्म परिक्षेत्र के समस्त गांव में जाकर उन लोगो को गर्म कपड़े प्रदान कर रहे है जो वास्तव में निर्धन और जरूरतमंद है। आचार्य राम चन्द्र राय ने कहा कि व्यासपीठ में मिले दान से वे प्रतिवर्ष जरूरतमंद माताओं बहनों बुजुर्ग महिलाओं एवं विधवा विकलांग लोगों को ठंड से बचाव के लिए गर्म कपड़े ,कंबल प्रदान करते आ रहे है।उन्होंने कहा मानव सेवा ही वास्तव में ईश्वर सेवा है । शक्तिफार्म परिक्षेत्र के गांव अरविन्द नगर ,राजनगर, बैकुंठपुर, गोविंदनगर , झाड़ीगंव के साथ साथ सुरेंद्रनगर एवं सितारगंज के भी कुछ लोगों को कंबल वितरण किए है। राम चंद्र राय ने कहा कि समूचे उधम सिंह नगर जिले में जो जहां भी जरूरतमंद है उन तक उनके घर जाकर सहायता पहुंचाना ही उनका उद्देश्य है। इस दौरान उनके साथ सुमित मंडल,अनूप राय, आनंद राय रामगोपाल सरकार,सुजीत गोल्दारर,हरिचंद, विवेक,राजन मंडल आदि मौजूद थे।



## खेत में विशालकाय अजगर दिखने से मचा हड़कम्प

गदरपुर(उद संवाददाता)।दिनेशपुर क्षेत्र के पिपलिया नंबर दो के आदित्य सरकार के खेत में एक विशालकाय अजगर को देख ग्रामीणों में खलबली मच गई। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई। वन विभाग की टीम ने रेस्क्यू करते हुए अजगर को पकड़ लिया और जंगल में ले जाकर छोड़ दिया। दिनेशपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत पिपलिया नंबर दो गांव बुधवार को गांव एक किसान आदित्य सरकार के खेत मे करीब 12 फीट लंबे अजगर को देख ग्रामीणों में खलबली मच गई। ग्रामीण दहशत में आ गए।इसकी सूचना वन विभाग की टीम को दी गई। मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने रेस्क्यू करते हुए अजगर को पकड़ लिचा। वन क्षेत्र बीट अधिकारी भुवन मिलानी का कहना है कि अजगर को पकड़कर वन में छोड़ दिया गया है। अजगर की लंबाई करीब 12 फीट है।



# दूर-दूर तक नहीं दिखाई देती ट्रैफिक पुलिसः शोहदे करते है स्टंट, बजाते हैं प्रेशर हॉर्न

## डीजीपी के निर्देशों का नहीं दिखा रहा असर ,सार्वजनिक स्थानों पर न्यू सेंस मचाते हैं उत्पात

काशीपुर(उद संवाददाता)। सूबे के पुलिस मुखिया (डीजीपी) अभिनव कुमार ने पिछले दिनों राज्य में अलग-अलग स्थान पर गंभीर तरीके से घटित दुर्घटनाओं को दृष्टिगत करते हुए डायरेक्टर ट्रैफिक समेत प्रदेश के सभी जिलों के एसएसपी व एसपी की जरूरी बैठक लेते हुए यातायात व्यवस्था में सुधार को लेकर जरुरी निर्देश दिए थे लेकिन यहां काशीपुर में डीजीपी के आदेशों का खास असर नहीं देखा गया। यातायात व्यवस्था लगातार पटरी से नीचे है। उल्लेखनीय है कि ताबड़तोड़ तरीके से लगातार घटित हो रही गंभीर सड़क दुर्घटनाओं में जनहानि को गंभीरता से लेते हुए सरकार के निर्देश पर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक अभिनव कुमार द्वारा सभी जिलों के एसएसपी/एस पी आदि जिम्मेदार अधिकारियों की जरूरी मीटिंग में फरमान जारी किए गए कि शराब की नशे में चूर होकर ड्राइविंग करने वालों की गहन जांच पड़ताल की जाए। माल वाहन में ओवरलोडिंग, ट्रिपल राइडिंग, ड्राइविंग करते हुए मोबाइल का इस्तेमाल, रेड लाइट जंप करना, जल्दबाजी में गलत ट्रैक से होकर ड्राइविंग करना आदि पर सख्ती से प्रतिबंध लगाया जाए। इसके अलावा वाहनों में गाड़ी चलाते हुए प्रतिस्पर्धा, प्रेशर हॉर्न एवं नाबालिग द्वारा सड़कों पर फर्राटा भरने को लेकर सख्त निर्देश दिए गए थे लेकिन यहां काशीपुर में डीजीपी के निर्देशों का कोई खास असर नहीं देखा गया। वाहन चालकों द्वारा ट्रैफिक नियमों की यहां बुरी तरह धज्जियां उड़ाई जा रही है। आलम यह है कि राष्ट्रीय राजमार्ग समेत नगर से होकर गुजरने वाले प्रमुख मार्गों पर चौबीसों घंटे गंभीर दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। जल्दबाजी में डिवाइडर को क्रॉस करना यहां आम बात है। क्योंकि महत्वपूर्ण स्थान पर सफेद वर्दी का दूर-दूर तक पता नहीं होता। सार्वजनिक स्थानों पर न्यू सेंस एवं पीने पिलाने वाले लगातार उत्पात मचाते देखे जा रहे हैं। बाजपुर रोड पर प्राइवेट बस स्टैंड के सामने, गांधी आश्रम रोड, साहन रिजॉर्ट के आसपास एवं मुरादाबाद रोड पर महेशपुरा पुलिया से ढेला पुल तक शराबियों के लिए महफूज ठिकाना बन चुका है। इसी तरह ट्रैफिक व्यवस्था की बात करें तो स्टेशन रोड पर रेलवे स्टेशन के ठीक सामने तथा टांडा उज्जैन तिराहे पर यातायात व्यवस्था का बुरा हाल है। स्टेशन रोड पर फलों के कारोबारियों व ई रिक्शा चालकों का आतंक एवं टांडा तिराहे पर मैजिक वाहनों का गैरकानूनी अड्डा कोढ में खाज का काम कर रहा है। सूत्रों का कहना है कि नगर में इस तरह के आधा दर्जन से अधिक स्थानों पर आबाद वाहनों के नाजायज अड्डों से गुंडा टैक्स की वसूली की जाती है। रेलवे स्टेशन के मुख्य द्वार पर पार्किंग के ठीक सामने पान का खोखा लगाया गया है। स्टेशन रोड पर इस खोखे की वजह से एक्सीडेंट का बड़ा खतरा है।




